हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

13 जिला स्तरीय समारोह में राज्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण



14 जिले में जुड़े 8907 नए युवा मतदाता डीसी ने किया विजेता किए सम्मानित



# गणतंत्र दिवस पर जिले में धारा 144 लागू

■ आदेश गणतंत्र दिवस तक लागू रहेगा

**नारनौल।** जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए तत्काल प्रभाव से दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 व ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24 के आधार पर 26 जनवरी को महेंद्रगढ़, नारनौल, कनीना व नांगल चौधरी में पांच किलोमीटर के दायरे में किसी भी यूएवी जैसे ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट नियंत्रित विमान, फ्लाइंग कैमरे, कायर कॉप्टर, हवाई कवरेज के लिए हेलीकैम इत्यादि की उड़ान पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश गणतंत्र दिवस तक लागू रहेगा। आदेशों में स्पष्ट किया है कि यह सुरक्षा के लिए खतरा है और जानवरों, पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी खतरनाक है।

यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और लोक सेवकों पर लागू नहीं होगा, विशेष रूप से मानवरहित विमान प्रणाली से संबंधित या उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले हरियाणा पुलिस, भारत संघ की सेना या वायु सेना। इस आदेश का कोई भी उल्लंघन भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और तदनुसार अन्य लागू धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सीआईए व स्पेशल टीम ने सतनाली क्षेत्र से 250 ग्राम गांजा के साथ एक को पकड़ा

■ आरोपित के खिलाफ थाना सतनाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

**सतनाली।** एसपी नितिश अग्रवाल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले में अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस टीम ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा पत्ती सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सतनाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों, सीआईए और स्पेशल स्टाफ इंचार्ज को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनके तहत सीआईए टीम ने सतनाली क्षेत्र से नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर 250 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। सीआईए पुलिस टीम को सूचना मिली कि गौत्तम वासी सतनाली नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है और गांजा बेचने के लिए किसी के इंतजार में अपने खेत के पास खड़ा है। पुलिस ने रेड कर एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम गौतम बताया, जिससे बरामद पॉलिथीन में करीब 250 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

# अकबरपुर की बेटी बनी लेफ्टिनेंट देशभर में तीसरा स्थान पर रही

**नारनौल।** गांव अकबरपुर की बेटी कंचन शेरावत सेना में अफसर बनेंगी। उनका चयन लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। अप्रैल 2023 में यूपीएससी सीडीएस (प्रथम) का एग्जाम हुआ था, जिसमें कंचन शेरावत ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। अब वह अप्रैल 2024 में ओटीए चेन्नई में ट्रेनिंग करने जाएंगी। कंचन की इस सफलता से परिवाजनों, ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर बनी हुई है। उनकी कामयाबी पर उनकी ननिहाल गहली में भी खुशियां मनाई गई। बता दें कि कंचन शेरावत के पिता सूबेदार विक्रम सिंह शेरावत भी आर्मी में कार्यरत हैं तथा इनके दादा सूबेदार मेजर श्रीचंद शेरावत भी आर्मी में रहे हैं।



कंचन शेरावत।

■ अप्रैल 2024 में ओटीए चेन्नई में ट्रेनिंग होगी

कंचन ने अपने पिता के साथ रहते हुए 12वीं कक्षा एपीएस मामून कैंट पठानकोट तथा बीकॉम दिल्ली यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण किया हुआ है। स्नातक करने के पश्चात ही कंचन ने यूपीएससी के जरिए कंबाइंड डिफेंस सर्विसिज की तैयारी की और वह देशभर में तीसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रही। कंचन की इस सफलता पर माता निर्मला देवी, भाई हिमांशु शेरावत, परदादा रिटायर्ड हैडमास्टर रमेश चंद, दादा लक्ष्मीनारायण पंच, रिटायर्ट सूबेदार दादा मोहर सिंह, रिटायर्ड इंस्पेक्टर दादा धर्मपाल, दादा नेकीराम सहरावत, रिटायर्ड सूबेदार दादा बिजेंद्र, दादा ओमप्रकाश, रिटायर्ड हवलदार मेजर दादा कैलाश व दादा धर्मेंद्र पीटीआई ने खुशी जाहिर की तथा कंचन के आल इंडिया मे तीसरा रैंक आने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कंचन बचपन से ही होनहार थी। पढ़ाई के दौरान क्वीज व भाषण प्रतियोगिताओं में अनेक पुरस्कार जीते थे। वह बचपन से ही अपने दादा व पिता को भारतीय सेना की वर्दी में देखती आई थी तो उसकी भी भारतीय सेना में अफसर बनने की तमन्ना थी, जिसको हमारी बेटी कंचन शेरावत ने कड़ी मेहनत से साकार कर के गांव, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन कर दिखाया है। बेटी की कामयाबी से गांव के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। कंचन का नैनिहाल गहली में है, जहां कंचन के नाना अजीत बाबूजी, नाना उत्तमसिंह बडेसरा, मामा अग्निपाल, जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, उदयवीर व कंचन की परदादी दड़िया देवी, दादी ग्यारसी, मम्मी निर्मला आदि ने कंचन शेरावत की इस कामयाबी पर खुशी जाहिर की है।






# तीन पश्चिमी विक्षोभ होंगे सक्रिय, मौसम में आएगा बदलाव, बूंदाबांदी की संभावना

## धुंध व कोहरे से 10 से 20 मीटर रही दृष्टयता, कई जगह शीत लहर से स्थिति रही गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उत्तर भारत के साथ जिले में लगातार ठंड ने कहर बरपाया हुआ है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सक्रिय जेट स्ट्रीम के असर से ठंड का प्रभाव लगातार बना हुआ है। हवाओं का रूख भी उत्तरी होने से प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली व विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ पर लगातार हाड़कंपा देने वाली ठंड अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए हैं। बता दें कि पिछले एक महीने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में कड़ाके की ठंड के प्रहार प्रचण्ड होते जा रहे हैं।

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्र में 12 किलोमीटर की ऊंचाई पर वेस्टर्न जेट स्ट्रीम (जेट धाराओं) पश्चिम से पूर्व की तरफ तीव्र गति से चल रही हवाओं का समूह सक्रिय है, जिससे 200 से 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

### हवाओं को कर रही ठंडी

उन्होंने बताया कि जेट स्ट्रीम की खासियत होती है कि वह मौजूदा मौसम के लिए उत्प्रेरक का काम करता है और धरातलीय हवाओं को ठंडी कर रही है। इसके साथ उत्तरी बर्फिली हवाएं व साथ ही बीच-बीच में दक्षिणी पूर्वी और दक्षिणी पश्चिमी नमी हवाएं चलने से कोहरा कोल्ड डे व कोल्ड वेब की स्थिति बनी हुई है। इन सभी मौसमी


नारनौल। कोहरे में सड़क पर गुजरते वाहन।

गतिविधियों से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हाड़कंपा देने वाली कड़ाके की सर्दी लगातार बनी हुई है। हालांकि वर्तमान में हवाओं का रूख उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। जिससे सम्पूर्ण इलाके में रात्रि व दिन के तापमान में गिरावट जारी है।

डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि वीरवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस से 6.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 6.0 डिग्री सेल्सियस व 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दो फरवरी तक बूंदाबांदी

आज हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ठंडी रात सिरसा 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले महेंद्रगढ़ पर लगातार वायुमंडल के ऊपरी व निचले स्तर पर कोहरा छाया रहने से सम्पूर्ण इलाके में लगातार शीत दिवस व कुछ स्थानों पर गंभीर शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है, साथ ही दृश्यता 10-20 मीटर होने से सम्पूर्ण इलाके में वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा हुआ, जिससे परिवहन के साधन रेंगने को मजबूर हैं। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में लगातार तीन पश्चिमी विक्षोभ 27 व 30 जनवरी और दो फरवरी को सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मौसम बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। जिससे सम्पूर्ण इलाके में बीच में बादलवाही व दो-तीन फरबरी के दौरान गर्ज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना बन रही है।

## अहीरवाल में अच्छी खेल सुविधाओं के लिए 28 को होगी बैठक

**मंडी अटेली।** अटेली में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के दौरे के दौरान युवाओं ने क्षेत्र में अच्छी खेल सुविधाओं की मांग उठाते हुए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग सेंटर, खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर, स्पोर्ट्स विश्विद्यालय के साथ अंतर राष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम की मांग रखी, लेकिन निराशा पूर्वक इस मांग को दरकिनार करते हुए कोई तवज्जों नहीं दी गई। इसी चरण में क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने अपने क्षेत्र में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग सेंटर, खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर, स्पोर्ट्स विश्विद्यालय के साथ अंतर राष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम की मांग उठाने के लिए संघर्ष की शुरूआत करने हेतु बैठक अटेली की अनाज मंडी में 28 जनवरी को सुबह 11 बजे बुलाई गई है। इस बैठक में क्षेत्र के सभी बड़े बुजुर्ग, मातृ शक्ति, जवान, पूर्व सैनिक, पूर्व खिलाड़ी, खिलाड़ी, स्पोर्ट्स टीचर्स, कोच, अकादमी, क्लब व खेल प्रेमी आमंत्रित किए गए हैं। बैठक में अच्छी खेल सुविधाओं के लिए शुरू होने वाले संघर्ष पर विचार-विमर्श करके आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गुरु रविदास महासभा की बैठक आज

**नारनौल।** गुरु रविदास महासभा की आम बैठक 26 जनवरी दोपहर एक बजे गुरु रविदास आश्रम महोला ढिंढासर में प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल की अध्यक्षता में होगी। जिसका संचालन महासचिव रमेश चंद पटीकरा करेंगे।

### झाड़ली से वृद्ध व्यक्ति हुआ लापता

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव झाड़ली से एक वृद्ध व्यक्ति लापता हो गया। झांडली निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसके 65 वर्षीय पिता बाबूलाल 22 जनवरी की रात्रि के समय कहीं पर चला गया। तलाश करने पर उनका कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

### 29 से 2 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह

**नारनौल।** जिला रोजगार कार्यालय में 29 जनवरी से दो फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रोजगार से संबंधित व्यवसायिक साहित्य की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी कुमारी महिमा ने बताया कि इसमें स्कूल, कॉलेज व आईटीआई में अंतिम कक्षाओं में पढ़ने वाले व परीक्षा पास कर चुके छात्रों को व्यवसाय एवं प्रशिक्षण सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### वाहन चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सदर पुलिस ने हमीदपुर क्षेत्र से चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नीरज वासी डोहर कलां के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ लड़ाई झगड़े व मारपीट के पहले से तीन केस दर्ज हैं। धर्मेंद्र सिंह निवासी सेहलंग ने थाना सदर में बाइक चोरी की शिकायत की थी।

### प्रेरणा उत्सव में एसडी के छात्र तनिष्क रहे प्रथम

**कनीना।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में आयोजित प्रेरणा उत्सव में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के छात्र तनिष्क ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसे आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 15 स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उत्सव ष्विकसित भारत के प्रति मेरा दृष्टिकोण थीम पर आधारित था। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धि कौशल का परिचय दिया। चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि एसडी के छात्र तनिष्क ने प्रथम स्थान हासिल प्राप्त किया। कस्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रेरणा एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम लॉन्च किया है।



नारनौल। शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# दीपक पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल यूनियन के प्रधान बने

## एक नंबर कार्यालय में हुए चुनाव

- प्रदेश महासचिव नरेंद्र व सुभाष व प्रधान श्रीकृष्ण रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के त्रि-वार्षिक चुनाव जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक निजामपुर रोड यूनियन कार्यालय के प्रांगण में हुए। जिसमें चुनाव प्रवेक्षक के रूप में प्रांतिय महासचिव नरेन्द्र धीमान व प्रांतिय उपप्रधान सुभाष यादव की अध्यक्षता व जिला प्रधान श्रीकृष्ण शर्मा की देखरेख में स्वर्सम्मति से चुनाव सम्पन्न करवाए गए। इस अवसर पर पवन कुमार सैनी को चेयरमैन, दीपक कुमार शांडिल्य को प्रधान, सुभाष यादव को सचिव, राकेश शर्मा नांगल चौधरी, सुरेंद्र कुमार नारनौल, रोहताश यादव अटेली को वरिष्ठ उपप्रधान, मनोज शर्मा को कैशियर, श्रीकृष्णकांत को मुख्य संगठनकर्ता, पवन जांगड़ा, राजेश कुमार, सतीश कुमार, ताराचन्द को उपप्रधान, दीपक कुमार, विरेन्द्र हुडिना, नरेश सैनी को सहसचिव, पवन कुमार, अमीचन्द, रविंद्र कुमार, सुनिल गुर्जर को उप कैशियर, अरूण शर्मा, शेखर सैन, नितिन इंदौरा को प्रेस प्रवक्ता, विरेंद्र कुलताजपुर, गोपीराम को ऑडिटर, श्यामलाल, रमेश अटेली, भजनलाल, जयप्रकाश, सुनिल कुमार, विजयराम, हरनाम, महीपाल को सर्वसम्मति से मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अलावा प्रेम सैनी, सतबीर, सुभाष सैनी, तरूण यादव, भूपसिंह, अरविंद, विकाश शर्मा, मनोज कुमार, जितेंद्र बैरी, कृष्ण कुमार, प्रशांत, कुलदीप, नरेश कश्यप, होशियार, सविन कुमार, अश्वनी, अनिल यादव भांखरी को मुख्य कार्यकारणी सदस्य चुना गया।

## अब मतदाता बनने की 4 क्वालीफाइंग तिथि, अटेली के अरविंद को मिलेगा लैपटॉप

# जिले में जुड़े 8907 नए युवा मतदाता डीसी ने किया विजेता किए सम्मानित

### महिला कॉलेज में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम, डीसी बोली, भारत का प्रजातंत्र दुनिया में एक अनुपम उदाहरण





नारनौल। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाती उपायुक्त मोनिका गुप्ता व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत एक महान देश है, जिसकी प्रजातांत्रिक व्यवस्था को पूरे विश्व में एक अनुपम उदाहरण के तौर पर देखते हैं। यहां के नागरिक अपनी सरकार स्वयं चुनते हैं और वह सरकार उन्हीं के लिए कार्य करती है। किसी भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि उसका हर नागरिक एक निर्धारित आयु पूरी करने के बाद अपना मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करवाएं और चुनाव आने पर वह चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। जिले में 8907 नए मतदाताओं ने पंजीकरण करवाया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता ने वीरवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजकीय महिला कॉलेज में आयोजित 14वें जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कही।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि अटेली विधानसभा के युवक अरविंद कुमार को प्रदेश स्तर पर आयोजित नेशनल वोटर डे कार्यक्रम में हरियाणा मुख्य सचिव की ओर से लैपटॉप देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे चुनाव प्रक्रिया में अवश्य भाग ले तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा तथा अन्य किसी प्रलोभन के बिना अपने मत का प्रयोग करें।

### 22 जनवरी को हुआ सूची का अंतिम प्रकाशन

उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को आधार तिथि मानते हुए भारत निर्वाचन आयोग के हिदायत अनुसार 22 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम आप सभी के सहयोग से जिला प्रशासन पूरा कर चुका है। कॉलेज की छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर नुक्कड़ नाटक पेश किया। इस मौके पर सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अंत में डा. यशपाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डा. ममता शर्मा ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार चुनाव विनोद तंवर, नीरज कुमार सहायक, चुनाव कानूनगो पूनम, राजीव कुमार के अलावा अन्य अधिकारी इत्यादि भी मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तर पर भाषण, निबंध व रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को उपायुक्त ने नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला कॉलेज की छात्रा प्रीति को प्रथम स्थान पर आने पर 3000 रुपये, राजकीय बीएड कॉलेज की कृष्णा को द्वितीय स्थान पर रहने पर 2500 तथा राजकीय कॉलेज अटेली के देवदत्त को तीसरे स्थान पर रहने पर 2000 रुपये का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में राजकीय महिला कॉलेज की छात्रा प्रीति को प्रथम स्थान पर आने पर 2000 रुपये, राजकीय बीएड कॉलेज नारनौल की सुहानी को द्वितीय स्थान पर 1500 रुपये तथा राजकीय महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ की पलक को तीसरे स्थान पर रहने पर 1000 रुपये व रंगोली प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नारनौल की अंजनी व जिया को प्रथम स्थान के लिए 2500 रुपये, राजकीय महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ की रितु व पलक को द्वितीय स्थान के लिए 1500 तथा राजकीय बीएड कॉलेज नारनौल की मोनिका व श्रुति को तीसरे स्थान पर रहने पर 1000 रुपये का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### सात दिन पटीकरा में लगेगा एनएसएस कैंप

राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से 31 जनवरी तक लगने वाले एनएसएस कैंप का वीरवार को कॉलेज प्रांगण से उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शुभारंभ किया। डीसी ने कहा कि सभी छात्राएं इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा छात्राएं देश के विकास में योगदान दें। इस दौरान विभिन्न प्रकार की आयोजित होने वाली गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# ज्ञानकोश-ए-ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मैथ्स ओलंपियाड के परीक्षा परिणाम में ज्ञानकोश-ए-ग्लोबल स्कूल खरकड़ा आकोदा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान विद्यालय के सीईओ राकेश कुमार ने सभी बच्चों व अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय अपने दो वर्ष पूरा कर लिए है। उन्होंने बताया कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में आगे निकल रहे हैं। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विद्यालय में अध्यापकों की ट्रेनिंग प्रोग्राम के आयोजन होते रहते हैं, जिसके कारण अध्यापक अपने विषय और ज्यादा पारंगत हो सके। प्राचार्य रामनिवास यादव ने बताया कि तीन नवंबर 2023 को आयोजित मैथ्स ओलंपियाड परीक्षा में विद्यालय के कुल 46 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 19 विद्यार्थियों ने प्रथम स्टेज में मेरिट बनाकर दूसरी स्टेज में स्थान पाया है। इसके लिए उन्होंने अध्यापकों की कड़ी मेहनत व बच्चों की लगन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि अभिभावकों के सपनों को साकार करने के लिए संस्था सदा संकल्पित है। कोऑर्डिनेटर तनु यादव ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की परीक्षा आयोजित की जाती है, जिससे विद्यार्थियों को विकास हो सके। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# यदुवंशी के अंकित ने पास की नेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी डिग्री कॉलेज से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी अंकित कुमार पुत्र कृष्ण कुमार सिहोर निवासी ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने कॉलेज व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। छात्र ने 2022 में कॉलेज से बीए की परीक्षा पास की तथा अब उसने नेट परीक्षा प्रथम प्रयास में ही इकॉनोमिक्स विषय में उत्तीर्ण कर



अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंकित से पूछे जाने पर उसने इस सफलता का श्रेय अपने कॉलेज व अभिवावकों को दिया। उसने कहा कि एकाग्रता, स्वाध्याय व अपने शिक्षकों के उचित मार्ग दर्शन से कठिन से कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण किया जा सकता है। इस सफलता पर यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, निदेशक विजय सिंह यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, डॉ. प्रदीप यादव, बीएड कॉलेज प्राचार्य बबरूभान सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ ने बधाई दी तथा कहा कि नेट परीक्षा पास करने पर विद्यार्थी को यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर मिलता है, वहीं एज्यूकेशन और रिसर्च के क्षेत्र में कार्य कर शैक्षणिक क्षेत्र को सुदृढता प्रदान करने में अपना योगदान दे सकता है।

## सांस्कृतिक अहीरवाल का सम्मान समारोह 11 को

**नारनौल।** सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था का पर्यावरण प्रहरी सम्मान समारोह का आयोजन 11 फरवरी को किया जाएगा। जिसमें नारनौल, सिहमा, अटेली क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों को सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक अहीरवाल के मीडिया प्रभारी शीशपाल यादव ने कहा कि सांस्कृतिक अहीरवाल का यह दूसरा सम्मान समारोह है। इससे पहले


नारनौल। बैठक करते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़ भाग का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था के कार्यालय में सांस्कृतिक अहीरवाल के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक में यह योजना बनी। संयोजक प्रदीप सराय को तय किया। नारनौल भाग के भाग प्रमुख प्रदीप सराय ने तीनों इकाई के प्रमुख व सह प्रमुखों के बीच कार्य का विभाजन किया गया। बैठक में ओमप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, रामसिंह मधुर, राजेश शास्त्री, राजसिंह मौजूद रहे।


## सीएल स्कूल में राम मंदिर निर्माण उत्सव आयोजित

**नारनौल।** सीएल पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर अयोध्या राम मंदिर निर्माण पर उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें देशभक्ति गीत, नाटक व कविताएं प्रस्तुत की गई। इसके साथ-साथ बच्चों ने राम जन्म से लेकर राज्य अभिषेक तक का वर्णन नाटक प्रस्तुत कर किया। बच्चों ने रामजी का बाल स्वरूप धारण कर



नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

अपनी प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ बच्चों ने देशभक्ति गीत, नाटक व कविताओं के माध्यम से देश के वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर इंटर हाउस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों व प्रस्तुतियां देने वालों बच्चों को प्राचार्य ने बधाई दी।


नारनौल। बीपीएस स्कूल के विद्यार्थी।

## एसओएफ ओलंपियाड में बीपीएस के विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

**नारनौल।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल साइंस व मैथ्स ओलंपियाड 2023-24 में कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बेहतर परिणाम दिए है। एसओएफ ओलंपियाड इंचार्ज योगेश कुमार ने बताया कि संस्था के कुल 86 बच्चे अपीयर हुए। जिसमें से 57 बच्चों ने प्रथम लेवल की परीक्षा में अद्भुत परीक्षा परिणाम दिए हैं। संस्था प्रिंसिपल उदयभान राव ने सभी क्वालिफायर्स को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संस्था में फाउंडेशन क्लासेस सुपर अचीवर्स में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से इस तरह की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाता है और उसी का परिणाम है कि बच्चों ने यह परीक्षा परिणाम दिए हैं। संस्था के वाइस चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डा. कर्ण चौधरी ने विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# यूरो स्कूल में गणतंत्र दिवस पर प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यूरो स्कूल में वीरवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की। कक्षा-नर्सरी से दूसरी तक रंग-बिरंगें परिधान पहनकर सभी को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक नृत्य प्रतियोगिता हुई और कक्षा छठी से आठवीं तक बैज बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने-अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके सभी दर्शको को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानाचार्य सुनील यादव ने कहा कि हमारा देश अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का द्योतक है।

हमारा भारत देश एक धर्म निरपेक्ष देश है। यहां सभी धर्मों के



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

लोग एक-दूसरे को भाईचारे की भावना से रहते हैं। हमारे दिल में अपने देश के प्रति सच्ची भावना होना चाहिए। हमें देश की गरिमा को यूं ही बरकरार रखनी चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर अपने देश की गरिमा की रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर उपप्राचार्या मंजू यादव, कोर्डिनेटर बिरेंद्र सिंह, संजू यादव, सुमन यादव व तन्नू गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

## जिले के 64 स्कूलों पर लटकी थी मर्ज होने की तलवार

# 20 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों का संकट टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में 20 से कम छात्र संख्या वाले राजकीय प्राथमिक स्कूल को नजदीक के स्कूल में मर्ज करने का संकट टल गया है। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट में जिले के 64 स्कूलों पर तलवार लटकी थी, लेकिन विभाग ने मर्ज किए जाने के आदेश को रद्द कर स्कूल मुखियाओं को छात्र संख्या बढ़ाने का मौका दे दिया है।

पिछले दिनों शिक्षा निदेशालय ने 20 से कम छात्र संख्या वाले सरकारी प्राथमिक स्कूलों की प्रत्येक जिले से रिपोर्ट मांगी थी। विभाग की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी



को पत्र जारी किया था तथा 20 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों की लिस्ट जारी की थी। जिले में 20 से कम छात्र संख्या वाले 64 स्कूल थे। इन स्कूलों को नजदीक के स्कूलों में मर्ज किया जाना था, लेकिन शिक्षक संगठनों व अन्य दूसरे निजी संगठनों की ओर से विरोध किए जाने पर विभाग ने स्कूल मुखियाओं को छात्र संख्या बढ़ाने का एक और मौका दे दिया है। इन स्कूलों को फिलहाल के लिए दूसरे स्कूलों के साथ मर्ज नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर स्कूल मुखिया छात्रों की संख्या नहीं बढ़ा सके तो बाद में मर्ज किया जा सकता है। विभाग की ओर से अगर इन स्कूलों को मर्ज किया जाता तो इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दूसरी स्कूलों में जाकर दाखिला लेना पड़ता तथा स्कूल जाने के लिए हर रोज लंबी दूरी तय करनी पड़ती, लेकिन अब इन्हीं प्राथमिक स्कूलों को पहले की संचालित रखा जाएगा।

### इन स्कूलों में छात्र संख्या कम, फैसलें से छात्र संख्या बढ़ाने का मिला मौका

जीपीएस भालखी, गर्ल्स जीपीएस ढ़ाणी भड़फ, जीपीएस गाहड़ा, जीपीएस गोमला, जीपीएस गोमली, जीपीएस मानपुरा, जीपीएस नांगल, जीपीएस तलवाना, गर्ल्स जीपीएस खैराना, जीपीएस मुंडायन, गर्ल्स जीपीएस ककराला, गर्ल्स जीपीएस इसराना, गर्ल्स जीपीएस ढाणी कपूरी, जीपीएस मोहनपुर, जीपीएस इसराना, जीपीएस गंगूताना, जीपीएस खानपुर, जीपीएस खातौली जाट, जीपीएस नांगल शालू, जीपीएस ढाणी बजाड़, जीपीएस ढ़ाणी सूखा, जीपीएस ढ़ाणी ठाकरान, जीपीएस ढ़ाणी बाया, जीपीएस ढ़ाणी जिंदड़ा, जीपीएस शिमली, जीपीएस ढ़ाणी भगतां, जीपीएस ढ़ाणी स्वामियान, जीपीएस नांगल नूनिया, जीपीएस ढ़ाणी बांधा, जीपीएस सिलारपुर, जीपीएस ढाणी छिलरो, जीपीएस डोहर खुर्द, जीपीएस ढ़ाणी किरारोद, जीपीएस चुड़ेली, जीपीएस बलाहा खुर्द, जीपीएस छिलरो, जीपीएस मेई, जीपीएस जादूपुर, जीपीएस फैजलीपुर, जीपीएस नांपला, जीपीएस रघुनाथपुरा, जीपीएस शाहपुरा, जीपीएस सुभाषनगर, जीपीएस मारोली, जीपीएस खत्रीपुर, जीपीएस तोबड़ा, जीपीएस श्यामपुरा, जीपीएस सुजापुर, जीपीएस छपरा सलीमपुर, जीपीएस भूषण खुर्द, गर्ल्स जीपीएस ढ़ाणी बिहाली, गर्ल्स जीपीएस आकोदा, जीपीएस झूक, जीपीएस उष्मापुर, जीपीएस बसई, जीपीएस बूजा, जीपीएस गादड़वास, जीपीएस बलायचा, जीपीएस ढ़ाणी राजावास, जीपीएस माजरा कलां, जीपीएस ढाणी खड़गवास, जीपीएस श्योपुरा व जीपीएस सुरेहती पिलानियां स्कूल शामिल हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यमंत्री फहराएंगे तिरंगा, आईटीआई मैदान में होंगे कार्यक्रम

- डीसी महेंद्रगढ़ के यूट्यूब चैनल पर होगा समारोह का लाइव प्रसारण
- वाहन पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान किए निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने वीरवार को आईटीआई मैदान में पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस बार 26 जनवरी को प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव तिरंगा फहराएंगे। एडीसी ने तैयारी को अंतिम रूप देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय पर समारोह स्थल पर पहुंचे। ठीक 10 बजे मुख्य अतिथि तिरंगा फहराएंगे। समारोह स्थल पर मुख्य मंच को वाटर पूरफ बनाया गया है। मुख्य स्टेज की बाई तरफ प्रेस गैलरी तथा उसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई है। यहीं पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किए जाने वाले नागरिकों के बैठने के लिए भी कुर्सियां लगाई गई हैं।

वहीं मंच की दाईं तरफ विशिष्ट नागरिकों की बैठने की व्यवस्था है। इसके साथ बैरिकेडिंग लगाकर आम नागरिकों के लिए भी कुर्सियां लगाई गई हैं। मुख्य गेट से केवल वीआईपी वाहन ही अंदर जा सकेंगे। सरकारी वाहन पुलिस अधीक्षक निवास के साथ लगते आईटीआई के गेट से अंदर जाएंगे। आम नागरिकों के वाहन हुडा सेक्टर में स्थित चौकी के सामने खाली मैदान में खड़े होंगे। इसी प्रकार स्कूल बसें बच्चों को छोड़ने के बाद पंचायत भवन के पास बने स्टैंड पर खड़ी होगी। झांकियां सुबह सात बजे तक अंदर प्रवेश कर सकेंगी। गणतंत्र दिवस समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कोई भी नागरिक डीसी महेंद्रगढ़ के यूट्यूब चैनल पर जाकर इसका सीधा प्रसारण देख सकता है। इसके अलावा डीसी महेंद्रगढ़ की ऑफिशल वेबसाइट पर जाकर उसके लिंक पर क्लिक करके सीधा प्रसारण देख सकता है।


नारनौल। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तैयार समारोह स्थल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहेगा कार्यक्रमों का शेड्यूल

समारोह स्थल पर मुख्यातिथि का आगमन 9:58 बजे होगा। इसके बाद ठीक 10 बजे वे तिरंगा फहराएंगे। 10:2 बजे परेड का निरीक्षण, 10:10 बजे मुख्यातिथि का भाषण, 10:25 बजे मार्च पास्ट, 10:35 बजे पीटी शो, 10:40 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 बजे झांकियों का प्रदर्शन, 11:20 बजे पुरस्कार वितरण व 11:31 बजे राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन होगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इन स्कूलों के बच्चे लेंगे भाग

आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में एमआर पब्लिक स्कूल अटेली के विद्यार्थियों सारे जहां से अच्छा तथा सीएल पब्लिक स्कूल नारनौल के बच्चे राष्ट्रगान, आरएनआर सलीमपुर भक्ति नृत्य राम आएंगें। एमआर मित्रपुरा देशभक्ति नृत्य ए वतन तेरे लिए। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल हरियाणवी नृत्य थाली बाजेगी। गुरु द्रोणाचार्य ढाणी किरारोद भंगडा ए धरती मेरे देश दी। एएसडी ककराला देशभक्ति मां तुझे सलाम। केवीएस रघुनाथपुरादेशभक्ति मेरा रंग दे बसंती चोला। एएसडी नारनौल हरियाणवी हरियाणा की छोरी। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नारनौल देशभक्ति थारे आने से भढ गया मान। यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल के बच्चों ने कालिया कूद पड़ो मेला में राजस्थानी लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे।


नारनौल। केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह का स्वागत करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

## केंद्रीय राज्यमंत्री इंद्रजीत सिंह का ओमप्रकाश यादव ने किया स्वागत

**नारनौल।** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह का प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने शहर में आगमन पर आरपीएस स्कूल के पास फूलमाला व गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर बाबा बिहारीदास यूथ क्लब के प्रधान सुनील नांगलिया के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं के साथ केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया गया।

## कांग्रेस का बूथ लेवल कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**कनीना।** कनीना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बूथ लेवल सम्मेलन शुक्रवार कां पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय आरएस वाटिका में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला प्रभारी गोपाल सिंह व पवन बुवानीवाला मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। सुमेर चेयरमैन कनीना ने बताया कि कांग्रेस पार्टी अलग-अलग अभियानों व कार्यक्रमों के जरिए लगातार जनता के बीच जाने का काम कर रही है और पूरी तरह से चुनावी मोड़ में कार्य कर रही है। बूथ लेवल कार्यकर्ता सम्मेलन व घर-घर कांग्रेस हर-घर कांग्रेस अभियान के तहत लोगों से जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियों व मौजूदा भाजपा जजपा सरकार की आमजन विरोधी नीतियों से अवगत करवा रही है।

## ओलंपियाड में विद्या देवी स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक


नारनौल। विद्यादेवी स्कूल के विद्यार्थी व स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** ऑरेंज ग्लोबल ओलंपियाड में विद्या देवी इंटर नेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने तीन पदक जीते है। जिसमें तंमय व संस्कार ने गोल्ड मेडल तथा गुंजन ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय की छात्रा प्रिंस ने भी यादव सभा में आयोजित रि-पब्लिक कराटे कप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डारेक्टर विक्रांत यादव व प्राचार्य राजकुमार यादव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी व भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा प्रतिभा कभी भी रूकती नहीं है, बस उसको सही दिशानिर्देश देने की जरूरत होती है। विद्यालय विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

## यूरो स्कूल में गणतंत्र दिवस पर प्रतियोगिताएं

**कनीना।** यूरो स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें नर्सरी से दूसरी तक बच्चों ने रंग-बिरंगें परिधान पहनकर देश की अनेकता में एकता का संदेश दिया। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक नृत्य प्रतियोगिता हुई और कक्षा छठी से आठवीं तक बैज बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सुनील यादव ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमारा देश संस्कृति एवं परंपराओं का द्योतक है। इस मौके पर उपप्राचार्या मंजू यादव, कोर्डिनेटर बिरेंद्र सिंह, संजू यादव, सुमन यादव, तन्नू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एम्स के निर्माण से चिकित्सा में समृद्ध बनेगा दक्षिण हरियाणा रोजगार के अवसर बढ़ाएगा रेलवे कॉरिडोर : राव इंद्रजीत सिंह

- चारों विधायकों की सहमति से कोरियावास में स्वीकृत हो पाया था मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरकार की नीतियां ही देश और प्रदेश के विकास को रफ्तार देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग ने पूरे देश में समान विकास कार्यों की योजना बनाई है। नीति आयोग में मुझे उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी देकर पीएम ने पूरे हरियाणा का मान बढ़ाया है।

भारत सरकार की नीतयों से ही हरियाणा को जल बंटवारे में अधिक हिस्सा मिल पाया है। उक्त विचार केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गांव भुंगारका में आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद ने की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाने का योजना बनाई है। योजना के मुताबक महेंद्रगढ़ जिले को मेडिकल कॉलेज आंविटत की गई थी, लेकिन विधायकों की रस्सा कस्सी में निर्माण प्रक्रिया अटक गई थी। इसके बाद चारों विधायकों को एक साथ बैठाकर कोरियावास में निर्माण पर सहमति बनाई थी। इसके बाद एम्स की स्वीकृति से पूरा हरियाणा चिकित्सा में आत्म निर्भर बन सकेगा। एसवाईएल को लेकर बीते कई दशकों से राजनीति हो रही है। इसके मुदद़े पर कई सरकारें बनी और कई खप भी चुकी। समाधान के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और जल्द सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश को जनता ने लाखों पत्र भेजे थे। पत्रों पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने मामले की गहनता को समझी और प्रदेश के हक में फैसला दिया था, लेकिन तत्कालीन पंजाब सरकार ने जल वितरण के सभी समझौते रद कर दिए।

इस मौके पर मनीष मित्तल, व्यापार एसोसिएशन के प्रधान बिक्रम सिंह, जैनपुर के सरपंच देशराज, मनोज सेकवाल, सतीश नाहर, मनदीप एडवोकेट व विभिन्न गांवों के पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा, जीवंत लोकतंत्र



**नारनौल।** चौधरी बैजनाथ राजकीय महिला महाविद्यालय नांगल चौधरी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नांगल चौधरी के विधायक एवं पूर्व आईएएस डा. अभय सिंह यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन भारत के जीवंत लोकतंत्र का जश्न मनाने का है। भारत में निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य चुनाव व्यवस्था के बारे में नागरिकों को जागरुक करना और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर शहीद मेजर सतीश दहिया महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अनिल यादव, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राष्ट्रपाल यादव, डा. हरनाम यादव, डा. ईश्वर यादव, डा. राजदीप, प्रीतम यादव, पंचायत समिति चेयरमेन निजामपुर विनोद यादव, नांगल चौधरी कर्मपाल यादव, ठाकुर निहाल सिंह, नगर पार्षद रमेश मीणा, बंटी, नपा सचिव इत्यादि मौजूद रहे।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में 28 को ज्ञापन सौंपेंगे ट्यूबवेल ऑपरेटर

**महेंद्रगढ़।** पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर संगठन हरियाणा (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) की ओर से मांगों को लेकर 28 जनवरी सभी विधानसभा क्षेत्रों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे। प्रदेश महामंत्री जेपी भाटिया ने बताया कि यह ज्ञापन राज्य के सभी 90 विधायकों के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा।इसके माध्यम से संगठन की 10 सूत्रीय मांगें उठाई जाएंगी।

## खेलो इंडिया नेशनल गेम्स में श्यामपुरा के बलजीत ने जीते दो पदक, चेन्नई में स्पर्धा



**सतनाली मंडी।** गांव श्यामपुरा के बलजीत सिंह ने चेन्नई में 23 से 25 जनवरी तक हुई खेलो इंडिया नेशनल गेम्स की दौड़ प्रतियोगिता में दो पदक जीते। उन्होंने बताया कि 23 से 25 जनवरी तक तमिलनाडू के चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया राष्ट्रीय गेम में अंडर-18 आयुवर्ग में 23 जनवरी को भाग लेते हुए तीन हजार मीटर दौड़ में उन्होंने सिल्वर मेडल व 24 जनवरी को 8020 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की। बलजीत सिंह की इस उपलब्धि पर सांवत सिंह, नरेन्द्र फौजी, पंच सुरेन्द्र सिंह, झिंडू, मोनू शेखावत, दिनेश शेखावत, संजय शेखावत, इंद्राज जांगिड़, बबलू सोनी ने बधाई दी।







कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद
नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवीण चौधरी
पूर्व चेयरमैन नांगल चौधरी


राव इन्द्रजीत सिंह जी
माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
आरती सिंह राव
प्रेसिडेंट पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हरि.)
अंतर्राष्ट्रीय स्कीट शूटर
आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक : नवीन राव
युवा समाजसेवी
युवा जिला अध्यक्ष, हरियाणा यादव महासभा


|| कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद ||
नारनौल विधानसभा क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अतेन्द्र यादव, सरपंच
प्रधान - सरपंच एसोसिएशन, नारनौल
M. 94163-19299
नारनौल विधानसभा क्षेत्र